जिला सैनिक कल्याण विभाग सोलन
हि०प्र० के सैनिक विश्राम गृह परवाणू
के निधि लेखाओं का लेखा परीक्षा
एवं निरीक्षण प्रतिवेदन।

अवधि 4/2003 से 3/2005

भाग I

1. गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदन :-

गत लेखा परीक्षा प्रतिवेदनों में सम्मिलित अनिर्णीत पैरों पर की गई कार्यवाही का सत्यापन करने पर निम्नलिखित टिप्पणियां अपेक्षित है। अनिर्णीत पैरों पर वांछित कार्यवाही करके अनुपालना से-

लगातार पृष्ठ-2

-उस विभाग को सूचित किया जाए।

(क) लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 5/18. से 3/03

1. पैरा - 4. निर्णीत
2. पैरा - 5 अनिर्णीत
3 पैरा - 6 निर्णीत
4. पैरा - 7. निर्णीत
5. पैरा - 8. निर्णीत

---

भाग दो

2. वर्तमान लेखा परीक्षा :-

जिला कैमिकल कल्याण विभाग-

लगातार पृष्ठ -3

-सोलन के सैनिक विश्राम गृह परवाणु के लेखा परीक्षण अवधि 4/2003 से 3/2005 तक के लेखाओं की वर्तमान लेखा परीक्षा जिसके परिणाम अनुवर्ती पैरों में दिए गए हैं, श्री सीताराम, स०अ० अनुभाग अधिकारी एवं श्री देवराज रजौत लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 21. एवं 22. दिसम्बर 2005 को सोलन में किया गया।

माह 4/03, 6/03, 9/04. व 3/05 के लेखाओं का चयन विस्तृत जाँच हेतु किया गया।

अनुवर्ती पैरों में दिए गए —

लगातार पृष्ठ-4.

-अभिलेख के अतिरिक्त समस्त अभिलेख लेखा परीक्षा में प्रस्तुत किया गया।

3. लेखा परीक्षा शुल्क :-

अंकेक्षण अवधि 4/03 से 3/2005 तक के लेखा परीक्षा शुल्क रु० 2200=00 (दो हजार दो सौ रु० केवल) बनते है। उपरोक्त राशि को रेखांकित चैक अथवा क्रास्ड बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से भेजने के लिए उपनिदेशक महोदय जिला सैनिक कल्याण विभाग सोलन से अनुरोध अधिकारी के पत्र दिनांक 22-12-05 द्वारा परीक्षक, स्थानीय लेखा परीक्षा-

लगातार पृष्ठ-5

81-

विभाग निगमला - 9 को भेजने का अनुरोध किया गया है।

4. <u>वित्तीय स्थिति :</u>

~~अके संग~~ अक्टूबर 4/2003 से 3/2005 तक सैनिक विभाग गृह परवाणु की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है :

कृपया पृष्ठ 6 देखें

लगातार पृष्ठ 6.

82

| क्रम संख्या | वित्तीय वर्ष | अवशेष | आय | जोड़ | व्यय | अन्तिम शेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 2003-04. | 130569=41 | 30798=15 | 161367=56. | 3600=00. | 157767=56. |
| 2 | 2004-05 | 157767=56 | 9902=72. | 167670=28 | 11537=00. | 156133=28. |

स्टेट बैंक आफ पीटयाला के सोलन स्थित शाखा के बचत खाता संख्या 10300063589. के दिनांक 31-3-05 को मु० 156133=28 रु० की राशि जमा थी।

लगातार पृष्ठ-7.

5. अधिक फीस का बचत खाते में जमा रखना।

अन्वेक्षण के दौरान यह देखने में आया है कि जिला सैनिक कल्याण विभाग सोलन के सैनिक विश्राम गृह ~~सोलन~~ परवाणु की आय की फीस स्टेट बैंक आफ पटियाला शाखा सोलन के बचत खाता संख्या 10300063589 में दिनांक 31-3-05 तक कुल 156133=28 रू० जमा थे। और इस फीस में से सामान्य खर्चों की अनुमानित फीस के अतिरिक्त अधिक जमा फीस को निदेशक सैनिक कल्याण विभाग निदेशालय हमीरपुर-

लगातार पृष्ठ 8

 

-के ज्ञापन संख्या 13-13/82 सैं.क.वि. दिनांक 30-4-02 के सुझाव अनुसार सावधि जमा खाते में निवेश किया जाता, उस स्थिति में विभाग फंड की ~~[illegible]~~ आय में ब्याज द्वारा अर्जित आय की वृद्धि रही होती । अतः इस प्रकार के अव्यवस्थित निवेश एवं बचत खाते में अनुमानित व्यय से अधिक धन राशि जमा रखने से ब्याज द्वारा सम्भावित आय की हानि होती है जो कि अनपेक्षित है अतः भविष्य में इस प्रकार की राशि को सावधि जमा खाते में रखना सुनिश्चित करें जिससे विभाग की निधि को ब्याज की—

लगातार पृष्ठ 9.

85

-आय के रूप में अधिक शीघ्र प्राप्त की जा सके तथा अनुपालना से आगामी अंकेक्षण के दौरान अवगत करवाया जाए।

6. लघु आपत्ति विवरणिका :

इसे अलग से जारी नहीं किया गया है एवं सभी लघु आपत्तियों का निपटारा अंकेक्षण स्थल पर ही कर लिया गया है।

7. निष्कर्ष :- लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/97 से 3/03 के पैरा संख्या 5 पर उचित कार्यवाही करने के अतिरिक्त लेखों में सुधार की आवश्यकता है।

अनुभाग अधिकारी
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग
हि० प्र० शिमला 171009

पृ० संख्या 225-228 दिनांक 31-12-05
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक -

- कार्यवाही हेतू प्रेषित है :-

1. उपनिदेशक, जिला सैनिक कल्याण विभाग, सोलन को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह अन्वेषण प्रतिवेदन पर की गई कार्यवाही का अनुपालन उत्तर इस विभाग को शीघ्र भेजें।

2. निदेशक राज्य सैनिक कल्याण विभाग, निदेशालय हमीरपुर हि० प्र० ।

3. जिलाधीश सोलन हि० प्र० ।

4. सचिव (सामान्य प्रशासन विभाग) हि० प्र० सरकार, शिमला - 2 ।

✓5. परीक्षक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हि० प्र० शिमला - 9

---

अनुभाग अधिकारी
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग
हि० प्र० शिमला 171009